**Tender Fee**
By Demand Draft Rs. 500/-

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

(मानद विश्वविद्यालय)
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)
**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़, जयपुर-302002**

**फर्म का नाम एवं पता** ..............................................
..............................................
मो. नंबर ..............................................
E-Mail ID ..............................................

## निविदा प्रपत्र

1. विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है
   उसका नाम : **C.M.C. of R.O. Plant and R.O. Water Purifier**
2. निविदादाता का पूरा नाम : .....................................................................
3. प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
4. निविदा शुल्क ............ रूपये का डी.डी. नं. ...............दिनांक ...........के द्वारा जमा करा दिये गये हैं ।
5. धरोहर राशि ....................रूपये डी.डी. नं. ................दिनांक के द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में जमा कर दी है ।
6. सभी संलग्न कुल............दस्तावेज पृष्ठ संख्या.........से........तक अंकित है एवं स्वहस्ताक्षर सहित है ।
7. मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**(मय रबड़ स्टाम्प)**

स्थानः
दिनांक :

**फर्म का नाम............................**
**(मय रबड़ स्टाम्प)**

**राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर**
(मानद विश्वविद्यालय)
**भारत सरकार द्वारा संस्थापित)**
**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़,**
**जयपुर-302002 (राजस्थान)**

**निविदा शर्ते**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है जो आयुर्वेद को आगे बढाये जाने एवं उसका विकास करने के लिए विशिष्ट योग्यताधारी अध्यापकों, वैद्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन, शोध कार्य करवाये जाने के साथ आयुर्वेद पद्धति से बिमारियों का ईलाज करता है, जो निम्नलिखित **वार्षिक** रख - रखाव करने के लिए बाजार में कार्यरत फर्मो से सम्पूर्ण विवरण सहित ई-निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा।

| क. सं. | नाम वस्तु | मात्रा | निविदा अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **C.M.C. of R.O. Plant and R.O. Water Purifier** | | 6,00,000/- | 12,000/- |
| | 1. R.O. Plant (500 Ltr. Capacity) | **04** | | |
| | 2. R.O. Water Purifier<br>a. 50 Ltr. Capacity<br>b. 25 Ltr. Capacity<br>c. 12 Ltr. capacity | <br>**26**<br>**01**<br>**03** | | |

1. निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी -

| क्र.सं. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भरने की प्रांरभ तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 16-10-2021<br>06:00 PM बजे से |
| 2. | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि एंव समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 08-11-2021<br>2:00 PM बजे तक |
| 3. | निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि का डी.डी. संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि | 08-11-2021<br>2:00 PM बजे तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09-11-2021<br>2:00 PM बजे |

2. निविदादाता को धरोहर राशि 12,000/- का बैंक ड्राफ्ट निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर रोड़, जोरावरसिंह गेट जयपुर-302002 (राजस्थान) के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा, चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

3. निविदा फार्म सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा। वेबसाईट से डाउनलोड किये गये निविदा फार्म शुल्क राशि 500/- का डी.डी. निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम बनाया जाकर धरोहर राशि के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क वापस नहीं दिया जावेगा तथा निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 08.11.2021 को मध्यान्ह पश्चात् 2:00 बजे तक रहेगी ।
4. निविदा की फाईनेन्सियल एवं टेक्नीकल बिड पृथक्-पृथक् होगी। फाईनेन्सियल बिड में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी तथा टेक्नीकल बिड में निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें।
5. निविदादाता द्वारा टेक्नीकल बिड में फर्म का रजिस्ट्रेशन, उद्योग आधार, जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, फर्म को ब्लेकलिट ना होने का शपथ पत्र, तथा विगत तीन वर्षो का फर्म का टर्नओवर, फर्म का कार्य अनुभव, इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
6. निविदादाता द्वारा दरें निर्धारित निविदा प्रपत्र में अंकों एवं शब्दों में भरनी होगी । निविदा में दरें डेसीमल में मान्य नहीं होगी तथा अंको एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने पर शब्दों में लिखी दरें मान्य होगी।
7. प्राप्त निविदा की पहले टेक्नीकल बिड संस्थान क्रय समिति के समक्ष दिनांक 09.11.2021 को मध्यान्ह पश्चात् 2:00 बजे खोली जावेगी। टेक्नीकल बिड में सफल निविदादाताओं की ही फाईनेन्सियल बिड खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
8. फाईनेन्सियल बिड में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा में स्वीकृत दरों के मूल्य का 3 प्रतिशत सिक्यूरिटी राशि का डी.डी. एवं 500/-के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा उसके बाद ही कॉन्ट्रेक्ट आदेश दिया जावेगा। असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
9. सफल निविदादाताओं द्वारा आदेश में अंकित दरों के अन्तर्गत कार्य करना होगा । आदेशित कार्य न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी ।
10. फर्म को सी.एम.सी. कार्य अपने तकनीकी कर्मचारियों के द्वारा संस्थान परिसर में करना होगा । विशेष परिस्थितिवश में यदि मशीन यहाँ ठीक न हो सके तो स्वीकृति बाद ही मशीन/उपकरण बाहर से ठीक कराई जा सकेगी ।
11. फर्म को संस्थान में लगे हुए सभी कंपनीयों के R.O Plant and R.O Water Purifier की CMC करनी होगी ।
12. फर्म द्वारा सी.एम.सी. के दौरान जो पार्ट्स लगाये जायेंगे वे जिस कम्पनी की मशीन होगी उसी कम्पनी के उत्तम क्वालिटी एवं आई.एस.आई. द्वारा प्रमाणित पार्ट्स होने चाहिए तथा पुराने पार्ट्स संस्थान में जमा करवाने होंगे।
13. फर्म के एक प्रतिनिधि को CMC of R.O. Plant and R.O. Water Purifier की देखरेख हेतु नियमित रूप से प्रतिदिन संस्थान में आना होगा ।
14. सी.एम.सी. का भुगतान त्रैमासिक, संतोषप्रद रिपोर्ट प्राप्त होने पर किया जा सकेगा ।
15. सिस्टम/मशीनरी/इक्यूपमेंट आदि की साफ सफाई आदि नियमित रूप से करनी होगी ।

16. निविदादाता को फर्म की निविदा अवधि पूर्ण होने पर सभी मशीनें चालू हालात में संभलानी होगी । इस हेतु निविदादाता एवं प्रभारी अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षरों की रिपोर्ट संस्थान में प्रस्तुत करनी होगी ।
17. सफल निविदादाता द्वारा तीन (03) माह में एक बार सी.एम.सी. में शमिल सभी R.O. Plant and R.O. Water Purifier की भौतिक रूप से जांच कर सही होने की सर्विस रिपोर्ट पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर करवाकर प्रमाणित सर्विस रिपोर्ट बिल के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करने पर ही बिल का भुगतान किया जावेगा। इसके अभाव मे अनुपातिक रूप से बिल में कटौती कर ली जावेगी। इसके अतिरिक्त संस्थान से शिकायत प्राप्त होने पर उसे तुरन्त ठीक करने हेतु इंजिनियर भेजना होगा तथा 24-48 घण्टें मे उपकरण को ठीक करना होगा इससे अधिक समय यदि लगने की संभावना है तो वैकल्पिक व्यवस्था करवाकर उपकरण शीघ्र सही कराना होगा। तथा सम्बंधित विभाग के विभागाध्यक्ष को इस सम्बन्ध में लिखित सूचना करनी होगी जिससे विभाग के स्तर पर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। अनुमानित समय में उपकरण सही न होने की दशा में विभागाध्यक्ष द्वारा सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेकर उपकरण किसी अन्य फर्म से सही करा लिया जायेगा जिसकी सूचना सम्बन्धित फर्म को दी जावेगी
18. फर्म द्वारा R.O. Plant and R.O Water Purifier को समय पर ठीक नही किया जाता एवं संस्थान द्वारा अन्य फर्म से यह कार्य करवाया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण राशि ए.एम.सी. फर्म से वसूल की जावेगी।
19. फर्म द्वारा संतोषप्रद कार्य नहीं करने पर टेण्डर (निविदा) निरस्त किया जा सकता है ।
20. निविदा में अंकित R.O. Plant and R.O Water Purifier की संख्या कम या ज्यादा करने का अधिकार निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को होगा ।
21. निविदा खुलने के बाद निविदादाता द्वारा शर्तो में कोई परिवर्तन किया जाता है तो संस्थान को अमानत एवं सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा तथा फर्म पर जीएफआर अनुसार कार्यवाही की जावेगी। फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी।
22. न्यूनतम दर होने के आधार पर कॉन्ट्रेक्ट करने के लिये या दर स्वीकृत करने के लिये संस्थान बाध्य नही होगा। यदि न्यनूतम दर एक से अधिक फर्मो की आती है, तो ऐसी स्थिति में फर्मो का विगत तीन वर्षो का टर्नओवर, कार्य अनुभव, तथा केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों एवं सरकारी उपक्रमों में सप्लाई करने का अनुभव जिसका अधिक एवं कार्य प्रफोरमेन्स जिसकी जितनी अच्छी होगी मूल्यांकन किया जाकर न्यूनतम दर तय की जावेगी।
23. निविदा में अंकित दरें एक वर्ष के लिए मान्य होगी ।यदि फर्म का कार्य सन्तोषजनक पाया जाता है तो R.O. Plant and R.O Water Purifier की CMC को आपसी सहमति से निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर को अधिकार होगा कि अवधि 1-1 वर्ष के लिए अधिकतम 3 वर्ष तक बढा सकते है।
24. प्राप्त निविदा को किसी भी समय, बिना सूचना के पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार संस्थान निदेशक को होगा ।
25. निविदा में स्वीकृत दर की प्रभावशीलता समाप्त होने एवं दिया गया आदेशित कार्य पूर्ण होने पर सिक्यूरिटी राशि लौटा दी जायेगी।
26. निविदादाता फर्म का जयपुर में कार्यालय होना अनिवार्य होगा जिसके दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

27. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को लिखित में निविदादाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नहीं किया जाएगा।
28. संविदा के सम्बन्ध में फर्म के किसी भी भागीदार/भागीदारों को निविदादाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नहीं हो जाते एवं निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते।
29. सभी विवादों के निपटारें हेतु न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ।

**संयुक्त निदेशक (प्रशासन)**

मैनें /हमने उपरोक्त समस्त शर्तो को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह समझ लिया हैं तथा समस्त शर्तो की पालना हेतु बाध्य हूँ/हैं ।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर
(निविदा की समस्त शर्ते स्वीकार करने के प्रमाण-स्वरूप)